अनौपचारिका

समकालीन शिक्षा-चिन्तन की मासिक पत्रिका

वर्ष : 52 अंक : 9 भाद्रपद-आश्विन वि.सं. 2082 सितम्बर, 2025 पृष्ठ-28 RNI 43602/77 ISSN No.2581-981x

समिति में मनाया गया स्वाधीनता दिवस

❑

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति में 79वें स्वतंत्र दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार प्रवीणचंद्र छाबड़ा ने ध्वजारोहण किया। 96 वर्षीय प्रवीणजी उस पीढ़ी के पत्रकारों में से हैं जो अपनी युवावस्था में 1947 में आजादी के पहले दिन मने जश्न के गवाह बने।

ध्वजारोहण के बाद समिति के साथियों के समक्ष अपने सम्बोधन में उन्होंने आजादी की जंग के दौर के अपने रोमांचक अनुभव सुनाते हुए बताया कि आज़ादी की पहली सुबह जयपुर में सेठ सोहनलाल दुग्गड़ ने अपने साथियों के साथ मिल कर स्नेह भोज का आयोजन किया जिसमें तत्कालीन सामाजिक मान्यताओं को त्यागते हुए को सवर्णों ने अपने हाथों से अस्पृश्य हरिजनों को जिमाया और खुद भी उनके साथ बैठ कर ही नहीं उनके हाथों से परोसा भोजन किया। इस तरह जागरूक लोगों ने आजादी के पहले ही दिन अस्पृश्यता की कुरीति पर प्रहार करते हुए नये भारत की नींव रखी।

इस अवसर पर उन्होंने 1940 के बाद के उस राजनीतिक माहौल व घटनाक्रम की भी चर्चा की जिसके चलते देश का विभाजन हुआ। उन्होंने देश के सामाजिक और बुरे आर्थिक हालात का भी जिक्र किया जिनसे निबटते हुए देश विकास की डगर पर बढ़ा।

कार्यक्रम में समिति के पुराने साथी भी मौजूद थे। ❑

वाणी



विद्वत्त्वं दक्षता शीलं सङ्कान्तिरनुशीलनम्।
शिक्षकस्य गुणाः सप्त सचेतस्त्वं प्रसन्नता।।

–सुभाषित

विद्वता, निपुणता, विनम्रता, चिंतन, मनन,
सचेत व प्रसन्न रहना शिक्षक के ये सात गुण हैं।

समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सहचित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभिमन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि।।
समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति।। ऋग्वेद

अनौपचारिका

समकालीन शिक्षा-चिन्तन की पत्रिका

वर्ष : 52 अंक : 9 भाद्रपद-आश्विन वि.सं. 2082 सितम्बर, 2025 मूल्य : पचास रुपये

क्र म

वाणी

3. सुभाषित

संपादकीय

5. प्रश्न करने की सनातन परंपरा

लेख

7. हफ़्ते में सिर्फ़ चार दिन काम के आए कई फायदे सामने **– सोफ़िया बेटिज़ा**

10. भारत में खाद्य उत्पादन : एक विवेचन **– डॉ. प्रकाश नारायण कल्ला**

12. हम आखिर बहस क्यों करते हैं ! **– आलोक ब्रजनाथ**

14. अनिल बोर्दिया की याद **– सुधेन्दु पटेल**

17. सुर्खियां हमारी सोच को कैसे बदल देती हैं ! **– मारिया कोनिकोवा**

20. आवासीय स्कूल में चरित्र निर्माण, भविष्य निर्माण **– विपिन सोंधी** **– हिम्मत ढिल्लों**

पुस्तक चर्चा

21. थैंक यू, गांधी : आंसू में कलम डुबो कर लिखी गाथा **– रा. बो.**

24. अनुत्तर के अमूर्त रंग में भारतीय दर्शन और चेतन की अनुगूंज **– रा. बो.**

आलेख

25. गहराई से ध्यान लगा कर काम करने का कौशल जरूरी **– कैल न्यूपोर्ट**

स्मृति शेष

27. जेम्स बॉन्ड को लोगो देने वाले कैरॉफ़ का निधन

फोटो : सुधीर कासलीवाल

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति
7-ए, झालाना डूंगरी संस्थान क्षेत्र,
जयपुर-302004
फोन : 2700559, 2706709, 2707677
ई-मेल : raeajaipur@gmail.com
www.raea.in

संपादक :
राजेन्द्र बोड़ा
प्रबंध संपादक :
दिलीप शर्मा

संपादकीय

प्रश्न करने की सनातन परंपरा

भारत में प्रश्न करने की सनातन परंपरा रही है। हमारे पुरातन ग्रंथ प्रश्नों से ही शुरू होते रहे हैं। प्रश्न भारतीय दर्शन में प्रमुख भूमिका निभाते आए हैं। प्रश्न जीवन के भौतिक अनुभवों के भी होते आए हैं और आध्यात्मिक भी। आज भी प्रश्न हमारी बातचीत में शामिल होते हैं, हमारी जिज्ञासा को बढ़ाते हैं और हमारे विचारों को आकार देते हैं। वे हमें खोज करने, संवाद करने, परवाह दिखाने, खुद को अभिव्यक्त करने, दूसरों को चुनौती देने, बहस करने के लिए ही नहीं प्रेरित करते बल्कि छोटी-मोटी बातचीत में भी शामिल होने में मदद करते हैं। कभी-कभी सिर्फ़ जवाब सुनने के लिए ही प्रश्न कर लिए जाते हैं। प्रश्न व्यक्ति और समाज, दोनों के लिए ज़रूरी उपकरण हैं। सही फ़ैसले लेने के लिए ज़रूरी जानकारी खोजने और उस तक पहुंचने का एक तरीका तो प्रश्न होते ही हैं। प्रश्न जानकारी खोजने की प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं।

किन्तु हर प्रश्न का साफ़-सुथरा उत्तर नहीं होता। कुछ सवालों का कोई जवाब भी नहीं होता। कुछ सवाल बिना किसी उम्मीद के भी पूछे जाते हैं। ऐसा भी माना जाता रहा है कि प्रश्न उत्तरों के लिए नहीं होते ˉ वे स्वयं अपने आप में खड़े होते हैं। किसी ने यह तर्क दिया है कि प्रश्न केवल विचार की शुरुआत के लिए नहीं होते हैं, बल्कि उसके अंत तक पहुंचने के लिए एक यात्रा होते हैं। इसीलिए दर्शनशास्त्र में, प्रश्न उत्तरों से ज़्यादा महत्वपूर्ण होते हैं। समूचा दर्शनशास्त्र प्रश्नों पर ही आधारित है। इतिहास के महान प्रश्नकर्ता दार्शनिक हुए हैं। मगर किसी को आश्चर्य हो सकता है कि शायद ही कभी किसी दार्शनिक ने यह पूछा हो कि प्रश्न वास्तव में क्या हैं, प्रश्नों की प्रकृति और शक्ति क्या है?

हमारे सामने जिज्ञासा का एक विशाल परिदृश्य फैला है, जो ऐसे प्रश्नों से भरा है जो हमें प्रश्न करने की प्रकृति पर पुनर्विचार करने के लिए बाध्य करता है। दार्शनिक प्रश्न कहां से आते हैं? प्रश्न करने वाले मन और उसके द्वारा प्रस्तुत प्रश्न के बीच क्या संबंध है? कोई दार्शनिक दृष्टि से प्रश्नों का कैसे सामना करता है? क्या कोई प्रश्न सही या गलत हो सकता है? क्या ऐसे प्रश्न हैं जिनके उत्तर नहीं हैं और फिर भी वे पूछने लायक हैं? क्या प्रश्न केवल ज्ञान प्राप्त करने के लिए होते हैं, या वे हमें उनके उत्तरों की भी समझ देते हैं? क्या हो अगर प्रश्न की सबसे बड़ी शक्ति समाधान में नहीं, बल्कि परिवर्तन में हो?

गहराई से देखें तो जीवन स्वयं एक खुला प्रश्न है, एक विशाल ब्रह्मांडीय पहेली है। जीवन की मूलभूत अनिश्चितता आरंभ से ही दर्शन और विज्ञान दोनों को प्रेरित करती रही है। हम जीवन के सबसे गहरे प्रश्न पूछते रहे हैं। और यह भी दिलचस्प बात है कि जब हम प्रश्नों के उत्तरों की मांग नहीं करते और प्रश्न चिह्न के साथ उसे छोड़ देते हैं, तब भी हम कुछ गहन खोज लेते हैं। इसीलिए हमारी दार्शनिक और रहस्यवादी परंपराएं निरंतर प्रश्नों से ही फली-फूली हैं। अपने सार्वजनिक व्याख्यानों में, खासकर प्रश्नोत्तर सत्रों के दौरान, जब श्रोता ठोस उत्तरों की अपेक्षा रखते थे, तब जे. कृष्णमूर्ति जैसे लोग उनकी अपेक्षाओं को धता बता देते थे। एक बार उन्होंने ऐसे ही एक सत्र की शुरुआत एक सरल मगर गहन प्रश्न से की: क्या प्रश्नों के उत्तर ज़रूरी हैं, या सिर्फ़ प्रश्न ही हैं? कृष्णमूर्ति के लिए, उत्तर मायने नहीं रखता था, बल्कि यह मायने रखता था कि प्रश्न का सामना कैसे किया जाए। समाधानों की तलाश करने के बजाय, उन्होंने लोगों से अपनी प्रतिक्रियाओं का निरीक्षण करने का आग्रह किया, जैसे पलायन की प्रवृत्ति, आसान निष्कर्षों पर पहुंचने की प्रवृत्ति आदि।

यदि एक प्रश्न, जिसका पूरी तरह से सामना किया जाए तो वह मन का दर्पण बन जाता है। प्रश्नों का समाधान करने के बजाय, कृष्णमूर्ति अपने श्रोताओं को बिना किसी पूर्वधारणा के, बिना किसी हिचकिचाहट के प्रश्नों के भीतर उतरने, उनकी जांच-पड़ताल करने के लिए आमंत्रित करते थे और कहा करते थे कि उत्तर प्रश्न में ही है।

एक सनातन सवाल रहा है कि ईश्वर क्या है? वह अज्ञेय है। मगर प्रश्न होता है कि क्या मन अतीत के ज्ञान से पूरी तरह मुक्त होकर, विश्वासों की शरण लिए बिना, अज्ञेय से मिल सकता है? विचार ही वह उपकरण होता है जिस पर हम अपनी खोजबीन के लिए निर्भर करते हैं। मगर वही अपर्याप्त साबित हो जाता है। जब किसी प्रश्न को पूरी जागरूकता के साथ, बिना किसी निष्कर्ष पर पहुंचने की जल्दबाजी के, उठाया जाता है, तभी कुछ उल्लेखनीय घटित होता है जो ज्ञान, ऊर्जा और मुक्तिदायी शक्ति के किसी अनछुए स्रोत को खोल देता है। तो क्या सिद्धांतों या सुव्यवस्थित अवधारणाओं के अब तक के सभी आरामदेह दृष्टिकोणों को नकारना जरूरी है ताकि मनुष्य अपनी जागृति की पूरी ज़िम्मेदारी खुद ले; अपनी दार्शनिक निद्रा से जागे; भ्रम से बाहर आए, और सच्ची खोज के मार्ग पर आगे जाये। कभी-कभी प्रश्न हमें विचार की सीमाओं से भी परे खींच ले जाते हुए एक ऐसे सत्य की झलक दिखा देते हैं जिसे केवल जिया जा सकता है।

हालांकि, ये असाधारण रास्ते हमें प्रश्नों की मौजूदगी से प्यार करने के लिए उकसाते हैं। इनसे हम अज्ञात की अशांत छाया, हल की जाने वाली और दरकिनार की जा सकने वाली समस्याओं का स्वागत करना सीख सकते हैं।

यह विचार केवल सुविचारित प्रश्न पूछने के बारे में नहीं है; यह उन्हें इस तरह से धारण करने के बारे में है जो हमें रूपांतरित कर दे। मानव मन अपनी परिवर्तनकारी शक्ति का पूरा उपयोग करे और तुरंत उत्तरों की खोज में नहीं भटके, बल्कि गहरी, सच्ची अंतर्दृष्टि की खोज में उतरे। प्रश्नों के साथ जीने वाला मन खोया हुआ नहीं होता; वह जागृत, जीवंत और अंतहीन रूप से विस्तृत होता रहता है। जैसा कि भौतिक विज्ञानी रिचर्ड फेनमैन ने कहा था, गलत उत्तरों की अपेक्षा किये बिना जाने जीना कहीं अधिक दिलचस्प होता है।❑

हफ़्ते में सिर्फ़ चार दिन काम के आए कई फ़ायदे सामने

❑

ऑफिस में कितने घंटे काम किया जाय इस पर अभी देश में बहस छिड़ी हुई है। इसी मुद्दे पर विमर्श करता आलेख। सं.

❑

सोफ़िया बेटिज़ा

पदनाम,बीबीसी वर्ल्ड सर्विस

हफ़्ते में पांच दिन काम और फिर वीकेंड का मज़ा। लेकिन अगले सप्ताह फिर काम की उसी पुरानी दुनिया में लौटना। क्या हो जब ऐसा करने की नौबत न आए?

नेचर ह्यूमन बिहेवियर नाम के एक जर्नल में प्रकाशित एक अहम अध्ययन में कहा गया है कि कामकाजी सप्ताह को चार दिन कर देने से लोगों की सेहत में उल्लेखनीय सुधार दिखा है। इससे लोगों की ख़ुशी में भी इज़ाफ़ा देखा गया। बोस्टन कॉलेज के रिसर्चरों ने अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड और न्यूज़ीलैंड की 141 कंपनियों के कर्मचारियों में बर्नआउट, नौकरी से संतुष्टि, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जैसे पहलुओं का अध्ययन किया। इस रिसर्च की प्रमुख लेखिका वेन फ़ैन ने बीबीसी को बताया, हमने कर्मचारियों में बेहतरी देखी। कंपनियों का उत्पादन और राजस्व दोनों बढ़ा। ये ट्रायल अब ख़त्म हो गया है, लेकिन इसमें शामिल 90 फ़ीसदी कंपनियों ने सप्ताह में चार दिन काम करने को जारी रखने का फ़ैसला किया है।''

इससे पहले भी कर्मचारियों पर कम कामकाजी दिनों के असर के बारे में अध्ययन हुए हैं। बोस्टन कॉलेज के अध्ययन में भी पहले के उन्हीं नतीजों की पुष्टि हुई जिनमें ये कहा गया था कि हफ़्ते में कम दिन काम करने से कर्मचारियों में बेहतरी देखी जाती है। कम वर्किंग डे बेहतर स्वास्थ्य, संतुलित जीवन और कुल मिलाकर ज़्यादा संतुष्टि देते हैं। एक अन्य हालिया अध्ययन के मुताबिक़ लंबे समय तक काम करने से दिमाग़ की संरचना बदल सकती है।

कम कामकाजी दिनों के इतने फ़ायदे हैं, तो हफ्ते में कम काम करने से हमें किसने रोका है?

चीन अपने '996' वर्क कल्चर के लिए जाना जाता है। इसके तहत कर्मचारी सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक हफ्ते में छह दिन काम करते हैं। भारत के तेज़ी से बढ़ते टेक्नोलॉजी और



फ़ाइनेंस सेक्टर में भी कर्मचारियों को अक्सर लंबे और अनियमित घंटे काम करने का दबाव झेलना पड़ता है ताकि वैश्विक मांगें पूरी हो सके।

प्रोफेसर वेन फ़ैन कहती हैं, चीन, भारत, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में काम के लंबे घंटे को गर्व की निशानी माना जाता है। वह कहती हैं, ''जापान में तो बग़ैर पैसा दिए ओवरटाइम इतना आम है कि वहां 'काम से मौत' के लिए एक ख़ास शब्द है- करोशी। प्रोफ़ेसर फ़ैन कहती हैं, जापान में काम सिर्फ़ काम नहीं है। यह लगभग एक सामाजिक अनुष्ठान जैसा है।''

जापान के लेबर मार्केट और वर्क कल्चर विशेषज्ञ हिरोशो ओनो कहते हैं, ''लोग समय से पहले दफ़्तर पहुंचते हैं और देर तक रुकते हैं. भले ही कोई काम न हो लेकिन प्रतिबद्धता दिखाने के लिए लोग दफ्तर में ज़्यादा देर तक रुकते हैं। यह एक तरह से परफ़ॉर्मिंग आर्ट जैसा है। जैसे मार्शल आर्ट्स में एक तय तरीक़ा होता है, ये वैसा ही है।'' वह बताती हैं, ''जापान की सामूहिक संस्कृति इसे बढ़ावा देती है। यहां 'फ़्री राइडर' को लेकर बहुत बदनामी होती है। अगर कोई व्यक्ति शुक्रवार की छुट्टी लेने लगे तो बाकी सोचते हैं कि 'इन्हें आज काम से छुटकारा क्यों मिल रहा है? हैरानी की बात यह है कि जापान में क़ानूनी तौर पर मिलने वाली सहूलियतों का भी लोग अक्सर इस्तेमाल नहीं करते। अक्सर लोग पितृत्व अवकाश भी नहीं लेते। पुरुष एक साल तक की छुट्टी ले सकते हैं, लेकिन बहुत कम लोग ऐसा करते हैं। वे चाहते हैं कि उनके सहकर्मियों को असुविधा न हो।''

फिर भी प्रोफेसर वेन फ़ैन मानती हैं कि उन्होंने जो ट्रायल किए हैं, उनसे काम को लेकर पारंपरिक सोच वाले देशों में भी बदलाव दिखने लगा है। आइसलैंड में अब लगभग 90 फ़ीसदी लोग कम घंटे काम करते हैं। उन्हें अपने वर्किंग वीक को छोटा करने का अधिकार है। दक्षिण अफ़्रीका, ब्राज़ील, फ़्रांस, स्पेन, डोमिनिकन रिपब्लिक और बोत्सवाना जैसे कई देशों में इस तरह के ट्रायल हो चुके हैं। इस साल की शुरुआत में टोक्यो ने सरकारी कर्मचारियों के लिए चार दिन के सप्ताह का ट्रायल शुरू किया। दुबई ने भी हाल ही में सरकारी कर्मचारियों के लिए 'समर इनिशिएटिव' के तहत ऐसा ही कार्यक्रम शुरू किया। वहीं अक्टूबर 2025 से दक्षिण कोरिया की 67 कंपनियों में साढ़े चार दिन के वर्किंग वीक का ट्रायल करेगा।

. फोर डे वीक ग्लोबल की सीईओ कैरेन लोवे कहती हैं, ''कोविड के बाद से ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को लगता है कि उनका काम और ज़िंदगी का तालमेल नहीं बैठ रहा है। अब इस ट्रेंड को उलट नहीं सकते।'' उनका संगठन ब्राज़ील से लेकर नामीबिया और जर्मनी तक दुनिया भर की कंपनियों को चार दिन के वर्क मॉडल का ट्रायल कराने में मदद करता है।

उनकी सबसे बड़ी सफलता की कहानियों में से एक है अमेरिका के कोलोराडो प्रांत के 'सिटी ऑफ़ गोल्डन' का पुलिस विभाग, जिसमें 250 कर्मचारी हैं। चार दिन का वर्किंग वीक लागू करने के बाद वहां ओवरटाइम का काम लगभग 80 फ़ीसदी कम हो गया है और इस्तीफ़ों की संख्या आधी रह गई।

लोवे कहती हैं, अगर यह मॉडल उस पुलिस विभाग में काम कर सकता है, जहां अफ़सर गश्त करते हैं और आपात स्थितियों का सामना करते हैं तो यह कहीं भी काम कर सकता है।'' वह कहती हैं, '' जब हमने 2019 में पहला ट्रायल शुरू किया था तो सिर्फ़ कुछ ही कंपनियां इसमें दिलचस्पी ले रही थीं. अब इसमें दिलचस्पी लेने वाली कंपनियों की संख्या हज़ारों में है। छोटे वर्किंग वीक के फ़ायदे सबूत के साथ मौजूद हैं। अगर कमी है तो सिर्फ़ समझ की।

लोवे कहती हैं कि एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि छोटे वर्किंग वीक से प्रोडक्टिविटी घट जाती है। लेकिन

उनका कहना है कि अक्सर यह उल्टा साबित हुआ है। 2019 में, माइक्रोसॉफ़्ट जापान ने चार दिन के वर्किंग वीक का ट्रायल किया और पिछले साल की तुलना में प्रति कर्मचारी बिक्री में 40 फ़ीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि, कंपनी ने इस बदलाव को स्थायी रूप से लागू नहीं किया।

लोवे का कहना है कि बड़ी कंपनियों के लिए यह बदलाव कहीं अधिक जटिल होता है, क्योंकि उनके कई विभाग होते हैं और कर्मचारी अलग-अलग देशों और टाइम ज़ोन में काम करते हैं।

प्रोफ़ेसर फ़ैन की स्टडी में प्रोडक्टिविटी बरक़रार रही क्योंकि कंपनियों ने लो-वैल्यू काम घटा दिए। बेवजह की मीटिंग्स की जगह फ़ोन कॉल या मैसेज का इस्तेमाल किया गया।

लोवे कहती हैं, ''एक और ग़लतफ़हमी यह है कि अगर वर्किंग वीक छोटा किया तो कर्मचारियों को कम काम की भरपाई के लिए ज़्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।'' वह कहती हैं, मामला पांच दिन का काम चार दिन में ही करवाने का नहीं है, बल्कि फ़िज़ूलखर्ची कम करने का है। अब जब एआई कई काम कर रहा है तो हम इन अक्षम प्रक्रियाओं को और आसानी से पहचान सकते हैं।

केपटाउन के स्टेलनबॉश यूनिवर्सिटी में काउंसलिंग सेंटर के डायरेक्टर चार्ल डेविड्स के लिए चार दिन का वर्किंग वीक महज़ कामकाजी ढांचे में बदलाव नहीं, बल्कि लाइफ़लाइन थी। उनकी टीम 30 हज़ार से अधिक स्टूडेंट्स को मानसिक स्वास्थ्य सहायता सेवा मुहैया कराती है।

लोवे कहती हैं, ''एक और ग़लतफ़हमी यह है कि अगर वर्किंग वीक छोटा किया तो कर्मचारियों को कम काम की भरपाई के लिए ज़्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।'' वह कहती हैं, मामला पांच दिन का काम चार दिन में ही करवाने का नहीं है, बल्कि फ़िज़ूलखर्ची कम करने का है। अब जब एआई कई काम कर रहा है तो हम इन अक्षम प्रक्रियाओं को और आसानी से पहचान सकते हैं।

बदलाव से पहले लोग बर्नआउट के शिकार हो रहे थे। वह बताते हैं, ''दफ़्तर से ग़ैर हाज़िर रहने के मामले बहुत ज़्यादा थे। लोग लगातार बीमार बताकर छुट्टी ले रहे थे। ऐसा आलस के कारण नहीं हो रहा था। वे सर्वाइवल मोड में थे। उनकी ऊर्जा पूरी तरह ख़त्म हो चुकी थी।

दक्षिण अफ़्रीका सबसे ज़्यादा मानसिक परेशानी वाले लोगों का देश है। चार्ल की 56 लोगों की टीम लगातार ट्रॉमा से जूझने, बहुत ज़्यादा वर्क लोड और सीमित संसाधनों की वजह से मानसिक रूप से थक चुकी थी। सीनियर लीडर के विरोध और अपनी टीम के संदेहों के बावजूद उन्होंने चार दिन के वर्किंग वीक का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। वह कहते हैं, उन्हें लग रहा था कि ये कभी कारगर नहीं हो सकता। लेकिन इसने काम किया। इसके नतीजे अद्भुत थे।'' ट्रायल से पहले साल में टीम के लोगों ने 51 बार बीमारी की वजह से छुट्टी ली थी। लेकिन चार दिन के वर्किंग वीक की वजह से ये घटकर सिर्फ़ चार रह गईं। स्टाफ़ ने बेहतर नींद, अधिक व्यायाम और शौक पूरे करने का अवसर मिलने की बात कही। वह कहते हैं, उन्होंने घरेलू काम निपटाने के बजाय वीकेंड परिवार के साथ बिताया।''

चार्ल ने कहा, मुझे लगा था कि ज़्यादातर लोग अतिरिक्त समय में निजी प्रैक्टिस करके अधिक पैसा कमाएंगे। लेकिन सिर्फ़ एक व्यक्ति ने ऐसा किया। चार्ल का मानना है कि कर्मचारियों की बेहतर सेहत ने उन्हें अपने काम में और सक्षम बना दिया। वह कहते हैं, उनका काम में ध्यान बढ़ गया। वे इसके प्रति ज़्यादा संवेदनशील भी हो गए। स्टूडेंट्स को अच्छी देखभाल मिलने लगी।

प्रोफ़ेसर वेन फ़ैन कहती हैं, ''फिर भी इस तरह का बदलाव हर जगह संभव नहीं है। किसी देश की औद्योगिक संरचना और उसका विकास स्तर इसमें मायने रखता है। कम कौशल वाले, शारीरिक मेहनत पर आधारित काम की री-स्ट्रक्चरिंग मुश्किल है। इन क्षेत्रों में नियोक्ता टाइमिंग को री-शेड्यूल करने के बजाय ज़्यादा से ज़्यादा मुनाफ़ा कमाने पर ज़ोर देते हैं।

वह कहती हैं, यह बदलाव अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर सकता है लेकिन मैं चार दिन के वर्किंग आवर को कोई जादुई हल के तौर पर पेश नहीं करना चाहूंगी। यह हर जगह लागू होने वाला फॉर्मूला नहीं है।''

कैरेन लोवे का मानना है कि बदलाव की मांग अब रफ़्तार पकड़ रही है। वह कहती हैं, कोविड ने हमें पहला टर्निंग पॉइंट दिया। मुझे उम्मीद है कि अगला टर्निंग पॉइंट चार दिन का वर्किंग वीक होगा।''❑

भारत में खाद्य उत्पादन: एक विवेचन

❑

कृषि प्रसार विशेषज्ञ प्रो. कल्ला देश में 'हरित क्रांति' का नेतृत्व करने वालों में प्रमुख वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन की जन्मशती पर अब तक के कृषि विकास पर एक त्वरित टिप्पणी कर रहे हैं। सं.

❑

डॉ. प्रकाश नारायण कल्ला

पिछली सात अगस्त को जाने-माने वैज्ञानिक और प्रशासक एम. एस. स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी पर भारत सरकार ने उस वैज्ञानिक प्रशासक पर सौ रुपये का एक सिक्का जारी किया और देशवासियों की तरफ से उनके महान काम के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। स्वामीनाथन का भारत में हरित क्रांति लाने में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। उनकी जनमशती का यह मौका देश के खाद्य उत्पादन के अतीत और भविष्य पर चिंतन करने का अवसर भी देता है।

1960 के दशक में शुरू की गई हरित क्रांति भारत के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ों में से एक और वैश्विक कृषि परिवर्तन में एक मील का पत्थर मानी जाती है। यह इस बात का सशक्त उदाहरण है कि जब किसानों के साथ घनिष्ठ साझेदारी में रणनीतिक बना कर विज्ञान को खेत तक लाया जाता है तब अभूतपूर्व नतीजे हासिल किये जा सकते हैं। यह स्वामीनाथन जैसे लोगों ने कर दिखाया।

आज़ादी के तुरंत बाद खाद्यान्न आत्मनिर्भरता सबसे ज़रूरी और बुनियादी चुनौती थी जिसका सामना भारत और उसके 33 करोड़ लोगों ने किया। अभी उस पीढ़ी के लोग मौजूद है जिन्हें वह समय याद है जब अमेरिका से खाद्यान्न, खासकर गेहूं, के अपने बंदरगाहों पर आने का किस बेताबी से इंतज़ार हुआ करता था। अमेरिकी खाद्य सहायता पहल के तहत पीएल-480 कार्यक्रम पर भारी निर्भरता ने एक ऐसे राष्ट्र की भयावह तस्वीर पेश की थी जहां 70 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी कृषि में लगी हुई थी, लेकिन अपना पेट भरने में असमर्थ थी। मगर देश ने हरित क्रांति का चमत्कारिक काम कर दिखाया।

1960 के दशक के मध्य में यह महत्वपूर्ण बदलाव आया। हरित क्रांति मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुरू हुई। इसके बाद उच्च उपज देने वाली रतुआ-रोधी गेहूं की किस्मों का प्रचलन, सिंचाई के उन्नत साधन, कीट प्रबंधन और उत्पादकता पर विशेष ध्यान देने की नवाचारों की एक शृंखला आई। इसका प्रभाव परिवर्तनकारी साबित हुआ। गेहूँ का उत्पादन 1960 के दशक के मध्य में 12 मिलियन टन से बढ़कर 1970-71 तक 21 मिलियन टन हो गया और 1990 के दशक के अंत तक 76 मिलियन टन तक पहुँच गया। चावल की पैदावार 1960 के दशक में लगभग दो टन प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 1990 के दशक के मध्य तक लगभग छह टन प्रति हेक्टेयर हो गई। और 1980 के दशक के अंत तक हमारा देश खाद्य सहायता पर निर्भर आयातक से आत्मनिर्भर शुद्ध निर्यातक बन गया।

आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक होने का गर्व कर सकता है। वह अनाज के मामले में आत्मनिर्भर है और लगभग 52 बिलियन डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात करता है।

हरित क्रांति न केवल एक वैज्ञानिक और विकासात्मक विजय थी, बल्कि यह एक सामाजिक-आर्थिक और भू-

राजनीतिक सफलता भी थी। प्रत्येक 7 अगस्त को हम इसी का जश्न मनाते हैं। यह हमारी निर्भरता से नेतृत्व की ओर, अभाव से अधिशेष की ओर की यात्रा है। यह आत्म-निर्भरता, संप्रभुता और विज्ञान एवं किसानों के बीच साझेदारी की शक्ति का उत्सव है।

लेकिन उत्सव का यह क्षण चिंतन का भी समय है। जहाँ हरित क्रांति नाटकीय लाभ लाई, वहीं अब अगली क्रांति के लिए समावेशिता, विविधीकरण, लाभप्रदता और स्थिरता पर ध्यान देने की जरूरत है। भारतीय कृषि की रीढ़ अब भी छोटे किसानों के खेतों में निहित है। यहां 80 प्रतिशत से अधिक खेत मिश्रित फसल, कम लागत, कम उत्पादन प्रणाली वाले हैं, जो अत्यधिक असुरक्षित माने जाते हैं। यह अब भी जनता द्वारा उत्पादन की कहानी है, बड़े पैमाने पर उत्पादन की नहीं।

विडंबना यह है कि इसी 7 अगस्त को अमेरिका द्वारा प्रमुख कृषि निर्यातों सहित भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाने का भी दिन था। यह ऐतिहासिक रूप से मार्मिक है: वही देश जिसने कभी भारत को खाद्य सहायता प्रदान की थी, अब उसे एक व्यापार प्रतिस्पर्धी और वैश्विक खाद्य नेता के रूप में देखता है। यह शुल्क भारतीय किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा खतरा है। समुद्री भोजन, चावल और मसालों जैसे निर्यातोन्मुखी उत्पाद – जो अक्सर छोटे पैमाने के उत्पादकों द्वारा संचालित होते हैं – को रद्द किए गए ऑर्डर, कीमतों में गिरावट और रसद संबंधी अराजकता का जोखिम उठाना पड़ा। उदाहरण के लिए, ओडिशा का झींगा निर्यात, जिसका मूल्य लगभग 170 मिलियन डॉलर है और जिसका 90 प्रतिशत से अधिक अमेरिकी बाज़ार से जुड़ा है, उच्च जोखिम में है। यह कहानी कई वस्तुओं – बासमती और गैर-बासमती चावल, मसालों आदि – के मामले में दोहराई जाती है। अचानक टैरिफ का झटका हज़ारों लोगों की आजीविका को खतरे में डाल सकता है।

समष्टि आर्थिक स्तर पर, अनुमानित 7-8 बिलियन डॉलर का वार्षिक नुकसान भारत के सकल घरेलू उत्पाद के 0.2 प्रतिशत से भी कम है, एक ऐसा प्रभाव जिसे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था शायद झेलने में सक्षम हो। लेकिन छोटे पैमाने के उत्पादकों के लिए, जिनकी जोखिम लेने की क्षमता पहले से ही कम है, परिणाम कहीं अधिक गंभीर हो सकते हैं। इन किसानों और कृषि प्रणालियों के पास आय हानि को झेलने के लिए सीमित संसाधन हैं।

छह दशकों में कृषि और व्यापार गतिशीलता में भारत की यात्रा असाधारण रही है। कभी दुनिया में खाद्य सहायता प्राप्त करने वाले सबसे बड़े देशों में से एक, जिसकी लगभग 25 प्रतिशत अनाज आपूर्ति विदेशी सहायता से आती थी, अब भारत एक प्रमुख खाद्य उत्पादक, निर्यातक और वैश्विक व्यापार वार्ताओं में एक विश्वसनीय आवाज़ है। कृषि, जो भारत की कमजोरी का प्रतीक था, अब उसकी आर्थिक और कूटनीतिक ताकत का आधार बन गया है।

7 अगस्त की दोधारी सच्चाई यही है: यह दिन एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने और हरित क्रांति व खाद्यान्न आत्मनिर्भरता का जश्न मनाने का दिन है, और यह याद दिलाने का भी कि खाद्य संप्रभुता और खाद्य कूटनीति आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। साठ साल पहले भारत अकाल से बचने के लिए खाद्य सहायता पर निर्भर था। आज वह दुनिया के सबसे बड़े खाद्य निर्यातकों में से एक होने के नाते अपने पूर्व खाद्य दाता के साथ 25 प्रतिशत टैरिफ पर बातचीत कर रहा है।

हरित क्रांति पर पुनर्विचार का मतलब केवल बेहतर विकास और बेहतर बातचीत करना नहीं होना चाहिए। भारत अब अनाज के जहाजों का इंतज़ार नहीं करता, बल्कि बदलती भू-राजनीति और आर्थिक संरक्षणवाद की दुनिया में, देश को अभी भी अशांत जलमार्गों से निपटना होगा। इस बार क्रांति भोजन सुरक्षित करने के लिए नहीं, बल्कि अपने किसानों के लिए उचित सौदा सुनिश्चित करने के लिए होगी।❑



हम आखिर बहस क्यों करते हैं!

मौजूदा समय में विमर्श की जगह बहस का बोलबाला हो चला है, जिसमें लोग अपने को सही साबित करने में शालीनता की सीमाएं पार कर जाने में वक़्त नहीं लगाते। इसी पर संजीदा और वरिष्ठ पत्रकार आलोक ब्रजनाथ की यह टिप्पणी है। सं.

❑

आलोक ब्रजनाथ

❑

ग्रेग किंग ने कहा था – किसी मूर्ख से बहस मत करो। वह तुम्हें अपने स्तर तक गिरा देगा और तुम्हें अपने अनुभव से पीटेगा। मार्क ट्वेन ने भी कहा है – किसी मूर्ख से कभी बहस मत करो, क्योंकि देखने वाले अंतर बताने में सक्षम नहीं हो सकते।

पाउलो कोएल्हो ने कहा है – साधारण चीजें ही सबसे असाधारण होती हैं, और सिर्फ बुद्धिमान लोग ही उन्हें देख सकते हैं। इसी प्रकार डेल कार्नेगी ने एक बार लिखा था – हर देश खुद को और देशों से बेहतर समझता है। इसी से देशभक्ति आती है – और युद्ध भी। इसे मैं इस तरह रूपांतरित करता हूं – हर व्यक्ति खुद को अन्य व्यक्तियों से बेहतर समझता है। इसी से आत्ममुग्धता आती है – और शत्रुता भी।

मूर्खों और मूर्खता पर आचार्य चाणक्य ने विस्तृत विचार किया है –

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभ-रणेन च। दुःखितैः सम्प्रयोगेण पण्डितो-ऽप्यवसीदति।।

अर्थात मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

कष्टं च खलु मूर्खत्वं कष्ट च खलु यौवनम्। कष्टात्कष्टतरं चैव परगृहेनिवासनम् ।।

यानि मूर्खता कष्ट है, यौवन भी कष्ट है, किन्तु दूसरों के घर में रहना कष्टों का भी कष्ट है।

मूर्खस्तु परिहर्तव्यः प्रत्यक्षो द्विपदः पशुः। भिनत्ति वाक्यशूलेन अदृश्ययं कण्टकं यथा ।।

मूर्ख व्यक्ति को दो पैरों वाला पशु समझ कर त्याग देना चाहिए, क्योंकि वह अपने शब्दों से शूल के समान उसी तरह भेदता रहता है, जैसे अदृश्य कांटा चुभ जाता है।

मूर्खाः यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम् । दाम्पत्योः कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता।।

जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति-पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है।

मूर्खश्चिरायुर्जातोऽपि तस्मा-ज्जातमृतो वरः। मृतः स चाल्पदुःखाय यावज्जीवं जडो दहेत्।।

मूर्ख पुत्र के चिरायु होने से मर जाना अच्छा है, क्योंकि ऐसे पुत्र के मरने पर एक ही बार दुख होता है, जिन्दा रहने पर वह जीवन भर जलाता रहता है।

मुझे मूर्खों के विषय में संत ज्ञानेश्वर का कथन भी बेहद तार्किक और प्रभावी लगता है – मूर्खों से बहस करके कोई बुद्धिमान नहीं कहला सकता। मूर्ख पर विजय प्राप्त करने का एक ही तरीका है कि उसकी तरफ ध्यान ही न दिया जाए।

लेकिन इसका क्या करें जब मूर्ख बाल हठ कर हमें अपने पाश में बांध ले?

लाओ त्से ने कहा था – मूर्ख व्यवहार के लिए भी समझदारी से जवाब दो।

तब मन में प्रश्न उठता है कि हम आखिर बहस क्यों करते हैं? 'फेसबुक' पर एक पेज मौजूद है 'जीवन दर्शन'। वह इस विषय की समग्र पड़ताल करता है। उसी को शब्दशः पढ़ लीजिए –

खुद को उलझाए रखने के हजारों बहाने हो सकते हैं। कारण, कोई न कोई कुछ न कुछ ऐसा कर ही देगा, जो हमें पसंद नहीं आएगा। पर बात–बात में बहस करके भी सही समाधान हो जाए, क्या इस बात की गारंटी है? विशेषज्ञों के अनुसार हमारी 99 प्रतिशत बहसें न सिर्फ व्यर्थ होती हैं, उनका कोई नतीजा भी नहीं निकलता। ऐसे में छोटी – छोटी बातों पर रिश्तों और मन की शांति को भंग करना कितना सही है!

कहावत है कि मूर्ख से बहस करना यही साबित करता है कि मूर्ख एक नहीं दो हैं। घर हो या बाहर, बहस शुरू होने के कई कारण हो सकते हैं। आमतौर पर ऐसा तब होता है, जब दोनों ही पक्ष खुद को पीड़ित और सही मान रहे होते हैं। बहस करना एक नकारात्मक भाव है। ऐसे में उसी नकारात्मकता में डूबे रहना, मन को अशांत करता है, काम में देरी होती है और रिश्तों में दूरी बढ़ने लगती है।

प्रभावी बातचीत के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले रॉब केंडल कहते हैं, 'छोटी–छोटी बातों पर बहस करने लगना समझदारी की कमी है। उनकी पुस्तक 'ब्लेमस्टॉर्मिंग : वाई कन्वर्सेशंस गो रॉन्ग एंड हाउ टु फिक्स देम?' इसी मसले पर बात करती है। उनके अनुसार, 'बहस बढ़ने पर दोनों पक्ष समाधान तलाशने की जगह एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं। दोनों ही सही साबित होना चाहते हैं। कोई भी अपने किन्तु–परंतु छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता।'

बहस से बचने का आशय यह नहीं कि आप गलत बात भी मानें या अपने सम्मान से समझौता करें। बस, बहस करते समय फोकस समाधान पर रखें। अधिकतर मामलों में समाधान दोनों पक्षों के समझौते से निकलता है। कई बार विवाद को सुलझाने का रास्ता जीत में नहीं हार में छिपा होता है।

रिलेशनशिप एक्सपर्ट डॉ. जॉन गोटमैन कहते हैं, 96 प्रतिशत मामलों में बहस के शुरुआती तीन मिनट बता देते हैं कि बहस करना कितना सार्थक रहेगा। शुरुआत में की गई विवेकपूर्ण बातचीत बहस को बढ़ने नहीं देती।

'द आर्ग्यूमेंटेटिव इंडियन: राइटिंग ऑन इंडियन हिस्ट्री, कल्चर एंड आइडेंटिटी' में अमर्त्य सेन लिखते हैं, 'यदि दूसरे असहमति व्यक्त करें, तो नाराज न हों। सबके पास दिल है और हरेक का अपना झुकाव। उनका सही हमारा गलत है और हमारा सही उनका गलत।'

ब्लॉगर सेन सर्जियो कहते हैं, 'बहस से बचने के लिए चार बातें सोचें, पहला क्या जरूरी है कि हमेशा आप सही हों, क्या उस मुद्दे या व्यक्ति को पकड़े रखना जरूरी है, कहीं जल्दबाजी में राय तो नहीं बना रहे और बहस का असर कहां और कितना लंबा पड़ेगा?

कई बार बहस की बुनियाद ही गलत तथ्यों पर खड़ी होती है। चूंकि आप नहीं चाहते कि आप गलत साबित हों, इसलिए उसी दिशा में तर्क गढ़ते चले जाते हैं। बेहतर है कि पहले अपने पक्ष को बेहतर तरीके से परख लें।

दूसरे पक्ष को सुनने का अर्थ यह नहीं है कि उनकी सभी बातों से सहमत हो जाएं। पर यह समझना भी जरूरी है कि दूसरा पक्ष किस तस्वीर को दिखाना चाह रहा है। उनके डर, बेचैनी, हित–अहित और गुस्से को समझें।

गुस्से में न बोलें। बोलते समय खुद को व दूसरे को एक–दो मिनट का ब्रेक दें। सम्मान से बात करें। अधिकतर बहस में समाधान दोनों पक्षों की ओर से किए गए समझौते से निकलता है। सम्मान से बात करेंगे, तो रिश्ते आगे भी बेहतर रहेंगे। व्यक्ति की जगह समस्या पर बात करें। अपनी भी गलती स्वीकारने से पीछे न हटें।

लेकिन क्या ऐसा आमतौर पर होता है? लोग समझते हैं? जॉर्ज बर्नार्ड शॉ ने कहा था – जो अपना दिमाग नहीं बदल सकते, वे कुछ भी नहीं बदल सकते। इसीलिए उलझो मत और उन्हें उनके हाल पर छोड़ दो। ❑

अनिल बोर्दिया की याद

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के बनने से लेकर उसके देश की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था के रूप में परवान चढ़ने के पीछे अन्यों के साथ प्रख्यात शिक्षाविद्, प्रशासक और सामाजिक कार्यकर्ता अनिल बोर्दिया का निरंतर सहयोग रहा। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें 'पद्मभूषण' के नागरिक अलंकरण से सम्मानित किया गया। यूनेस्को ने 1999 में उन्हें शैक्षिक विकास में असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'एविसेना स्वर्ण पदक' प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पहले 1996 में, उन्हें बैंकॉक स्थित यूनेस्को के एशिया-प्रशांत शैक्षिक नवाचार विकास केंद्र का फेलो चुना गया था। मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के निर्माण और कार्यान्वयन का मार्गदर्शन किया, जिससे बुनियादी शिक्षा और वयस्क साक्षरता की ओर स्पष्ट बदलाव लाने में मदद मिली। राजस्थान में उनके नेतृत्व में प्राथमिक शिक्षा का 'लोकजुम्बिश' कार्यक्रम चला जिसने इस राज्य को साक्षरता में देश के औसत के बराबर लाने में प्रमुच भूमिका निबाही। बाद में उन्होंने 11-20 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों की समग्र शिक्षा और विकास के लिए 'दूसरा दशक' कार्यक्रम चलाने के लिए 'फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड डेवलपमेंट की स्थापना की जो अब भी बेहतरीन काम कर रहा हैतथा 'दूसरा दशक' द्वारा किए गए अग्रणी कार्य ने झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के कई गैर-सरकारी संगठनों को इसी तरह के कार्य करने के लिए प्रेरित किया है।

2 सितंबर 2012 में निधन हो गया मगर उनके काम आज भी शिक्षा के काम में लगे लोगों को मार्गदर्शन और प्रेरणा देते हैं। उनकी 11वीं पुण्यतिथि पर बोर्दियाजी के साथ तथा उनके व रमेश थानवी के जरिए समिति से जुड़े रहे पुराने साथी सुधेन्दु पटेल इस आलेख में उनको याद कर रहे हैं। सं.



❑ **सुधेन्दु पटेल**

महात्मा गांधी ने रचनात्मक कार्यक्रम सुझाते हुए बड़ों की तालीम के बारे में कहा था कि मैं शिक्षा का सबसे पहला अर्थ यह करता हूं कि उन्हें जबानी तौर पर, यानी सीधी बातचीत के जरिये सच्ची राजनीतिक तालीम दी जाय।

यह सुझाव गांधी ने 1945 में दिया था। किन्तु यह आकस्मिक नहीं था कि आजादी के तीन दशकों तक गांधी का सुझाव हमारा राष्ट्रीय संकल्प नहीं बन सका था। इस दिशा में पहली बार जनता सरकार ने कदम बढ़ाकर राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम घोषित किया था। जिसके तहत् पांच वर्ष में दस करोड़ लोगों को साक्षर व चेतना संपन्न करने के लक्ष्य का राजनीतिक संकल्प लिया गया था।

यह भी सुखद संयोग ही रहा था कि इसे क्रियान्वित करने वाले प्रमुख शिल्पी रहे थे शिक्षा के मार्फत समाज की तस्वीर बदलने के प्रति आस्थावान भारत सरकार के तत्कालीन केन्द्रीय शिक्षा सचिव नवाचारों के पुराधा सर्वप्रिय अनिल बोर्डिया। जीवन की विरल यादों में उतरने के लिए अतीत में जाना ही पड़ता है, और यह भी कि व्यक्ति हो या काल खंड न चाहते हुए भी स्वयं का उल्लेख स्वतः ही अनायास आ ही जाता है।

यह उस दौर की बात है जब मैं तरुणाई की रौ में देश में आमूलचूल

परिवर्तन का 'ब्लू प्रिन्ट' मन में संजोए दिवास्वप्न में खोया रहता था। एक ओर समाज परिवर्तन की हूक, वहीं दूसरी तरफ पत्रकारिता की बारादरी के चौखट पर प्रवेश की ऊहापोह का खिंचाव भी दिमाग पर तारी था। हालांकि तब कतई अनुमान नहीं था कि जुड़ने का जरिया जैविक–प्रेम से ही अंततः बनेगा ।

दरअसल हुआ यूं कि सातवें दशक के 'जयप्रकाश आंदोलन' के दौरान मठी गांधीवादियों के खेमे की सर्वोदयी आंदोलनकारी आशा भार्गव से संपर्क हुआ। जो 'जैविक – प्रेम' से होता हुआ कालांतर में जीवन पर्यन्त साथ रहने के संकल्प में अंततः परिणत हो ही गया। प्रेम–प्रपंच (संपूर्ण क्रांति का दौर) के दौरान मैं दैनिक सन्मार्ग की चाकरी के साथ–साथ आपातकाल में चर्चित भूमिगत पत्र 'रणमेरी' की चारभुजा टीम के सक्रिय सदस्य की भूमिका में था तो आशा नारायण देसाई की पत्रिका ' बुनियादी यकीन' सहित साहित्य के प्रसार में लगी हुई थी। अंततः आपातकाल की समाप्ति के बाद विवाह बंधन की 'सजा' संघर्ष स्वीकार कर ली थी।

एक विराट शून्य क्योंकि



GOVERNMENT OF INDIA
OFFICE OF THE CUSTODIAN OF ENEMY PROPERTY
FOR INDIA

REGISTERED

No. NC/ 9226 /PAK/ 5538

Kaiser-i-Hind Building,
Ballard Estate, P. B. No. 689,
BOMBAY-400 038.

Shri Manohar Lal Patel
K-20/15, Rajmandir,
Varanasi
(U.P.)

Dt. ~~30-1-80~~ 7-2-80

Sub: Ad-hoc ex-gratia payment.

Dear Sir/s,

I enclose Cheque No. 431032 dated 22-1-80 for Rs. 1,06,539/- drawn on the Central Bank of India, Bombay in payment of your bill. Kindly acknowledge receipt of the cheque and encash the cheque within its validity period.

Yours faithfully,
(Mangharam G. T.)
Asstt. Custodian of Enemy Property

Encl : One Cheque.

बोर्दिया जी की बदौलत मिला मुआवजा

भविष्य के बारे में कोई सोच ही नहीं रही थी। हम राजनीति का धंधा क्या करते! अपने सूफी संत सरीखे नेता किशन पटनायक के आदेश पर विधायकी का टिकट वापस किया। अंततः पत्रकारिता की औघड़–डगर ही एकमात्र सहारा शेष बच रही थी। फिर दर–ब–दर का सिलसिला !

उतरती सर्दियों के उजले दिनों की आहट वाले किसी दिन जब कवि–संपादक सर्वेश्वर जी से दिल्ली में मिला तो उन्होने अनिल भाई के नाम चिट्ठी पकड़ा दी थी। लिखा आदरणीय बोर्डिया जी, युवा लेखक पत्रकार सुधेन्दु पटेल को आपके पास भेज रहा हूं। यह उदयपुर क्षेत्र में प्रौढ़ शिक्षा का काम करना चाहते हैं। इनकी समझ, लगन और मेहनत पर मुझे भरोसा ही नही एक अरसे से एक राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता के नाते इन से मेरा स्नेह रहा है। महत्त्वपूर्ण विषयों पर 'दिनमान' में लिखते भी रहे हैं। आपातकाल में जेल भी काट आये हैं। इन जैसे युवक इस क्षेत्र में उपयोगी काम कर सकते हैं ऐसा मेरा विश्वास है।.यह संक्षिप्त परिचय है, थोड़ी बातचीत कर आप ज्यादा समझ जायेंगे।. यदि इन्हें इस काम में लगा दें तो इनका भला तो होगा ही इस काम को भी एक सही आदमी मिल जाएगा। आशा है. आप स्वस्थ होंगे। सादर आपका सर्वेश्वर दयाल सक्सेना।

मैं संकोचवश नहीं मिला, लेकिन नैसर्गिक अवसर अनायास आ टपका। यूं हुआ कि राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के राज्य संदर्भ केन्द्र के निदेशक रमेश थानवी से औचक भेंट का संयोग बना। उन्हें मैं समाजवादी मजदूर नेता जार्ज फर्नांडीज के साप्ताहिक 'प्रतिपक्ष' से जानता था क्योंकि मैं उसमें यदाकदा छपता भी रहता था, वे भी मेरे नाम से वाकिफ थे। सो मेरी मौजूदा स्थिति को समझते हुए रमेश जी सपारिश्रमिक कुछ काम सौंपने लगे।

संयोगात कि सालाना सम्मेलन का अवसर आ पहुंचा। राज्य में सक्रिय प्रौढ़ शिक्षण समितियों का यह सालाना समागम एक रचनात्मक उत्सव–सा

हुआ करता था जिसमें सामान्य कार्यकर्ताओं से लगायत जिला शिक्षा अधिकारियों तक की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य हुआ करती थी। उस अवसर पर अनौपचारिका के साथ- साथ सम्मेलन के एजेण्डा विषयक पाठ्य सामग्री का प्रकाशन भी हुआ करता था। उदारमना रमेश जी ने मुझ से भी लिखवाया। मैंने प्रौढ़ शिक्षा से मुक्ति की ओर: 'जनक' कौन बनेगा? आलेख लिखा। उस सम्मेलन में मंत्री से लगायत केन्द्र-राज्य के शैक्षिक अफसरों का जमघट हुआ करता था।

जाहिर है इस अभिनव आयोजन की मुख्य धुरी अनिल बोर्डिया ही हुआ करते थे। ऐसे में अपने उद्बोधन में बोर्डिया जी ने मेरे लेख को प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम की मूल मंशा बताते हुए उसे अनिवार्यतः पढ़े जाने की पैरवी की। मेरा ग्राफ इतना बढ़ गया कि प्रायः सभी उसे पढ़कर और बिना पढ़े भी ठकुरसुहाती में मुझे आ-आकर बधाई देने लगे थे। मै छा गया था। मै स्वयं भी चकित था कि ऐसा क्या लिख दिया कि अनिल भाई प्रभावित हुए। सो अपने लेख का पुनरावलोकन किया ।

प्रौढ़ शिक्षा बुनियादी बदलाव का एक कारगर औजार है। महज भरमाने वाला नारा नहीं है. इस महत्वाकांक्षी आंदोलन के जो वाहक हैं, उनकी जिम्मेदारी मां की-सी हैं। जब हम किसी आदमी को अशिक्षा के अंधे कुएं से निकालते हैं उसे रोशनी का रास्ता बतलाते हैं तब हम एक नया इन्सान पैदा कर रहे होते हैं। उस नये इन्सान को उसके हक की जानकारी देना, उसके बाजुओं की असीम ताकत का सही उपयोग बतलाना, उसके मन में


संक्षिप्त परिचय है। थोड़ी
बातचीत से आप ज्यादा
समझ जायेंगे। यदि इन्हें
इस काम में लगा दें तो
इनका भला तो होगा ही
इस काम को भी एक सही
आदमी मिल जायेगा।
आशा है आप स्वीकार
करेंगे। सादर
आपका
[illegible]

जानकारी की भूख पैदा करना, तपस्वी मन से ही संभव है। प्रौढ़ शिक्षा का काम तपस्या है। आदमी को उसके आदमीपन से साक्षात्कार करवाने का काम 'जनक' बनकर ही संभव है।

वंचितों में सही चेतना का विकास जानकारी के एकाधिकारवाद को तहस-नहस करके ही संभव है। शोषण के खिलाफ जूझने में साक्षरता की ताकत से बल मिलेगा। इस बात को चौपालों तक पहुंचाना होगा, खेतों की मेड़ों तक यह बात पहुंचानी होगी कि अपनी मुक्ति के लिए अज्ञान और अशिक्षा के खिलाफ उठो। समय की पुकार है। नया सवेरा लाने के लिए जुट जाओ।

